11a
10/7/20
5C

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–121/2025 3543 /पटना, दिनांक– 19.3.26

संवेदक Shailendra Kumar (Reg No. 4150088) Add:- House No. 19, Road No.08, East Patel Nagar, Dist- Patna Bihar Pincode 800023 को कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–02 के अधीन **MMGSY(SC)** योजनान्तर्गत **Chauta me Kilash Sing ke Mill to Yojana Bandh** पथ का निर्माण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 20.03.2020 तथा कार्य समाप्ति की तिथिः–19.12.2020 था।

उक्त पथ के एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–02 द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–02 के कार्यालय आदेश ज्ञापांक 3342 दिनांक 14.11.2022 द्वारा एकरारनामा संख्याः– MMGSY/SBD-07/2019-20 को विखंडित करते हुए अपने पत्रांक 41 अनु0 दिनांक 14.01.2023 द्वारा संवेदक के निबंधन को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 1138 अनु0 दिनांक 20.02.2023 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया।

तद्आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–02 के पत्रांक 530 अनु0 दिनांक 24.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि संवेदक द्वारा आंशिक रूप से WBM का कार्य कर बहुत दिनों तक छोड़ दिया गया था। तत्पश्चात् एकरारनामा को विखंडित करते हुए पुनः पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार किया गया, जिसकी तकनीकी स्वीकृति अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मुजफ्फरपुर के द्वारा दिनांक 28.03.2023 को दी गई।

संदर्भित पथ का निविदा प्रकाशित कर निविदा निष्पादन के उपरान्त संवेदक श्री विद्यानन्द कुमार को कार्य आवंटित हुआ, जिनके द्वारा वर्त्तमान में कार्य पूर्ण कर दिया गया है।

इससे स्पष्ट है कि संदर्भित पुल का निर्माण कार्य ससमय नहीं किया जाना संवेदक Shailendra Kumar (Reg No. 4150088) पूर्णतः दोषी हैं

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में संवेदक Shailendra Kumar (Reg No. 4150088) Add:- House No. 19, Road No.08, East Patel Nagar, Dist- Patna Bihar Pincode 800023 के निबंधन संख्याः–4150088/4220004/4150096, PAN No. BHPPK8012F को अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

18.03.26

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

क्0प0उ0

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–121 / 2025 3543 / पटना, दिनांक– 19.3.26

प्रतिलिपि– संवेदक Shailendra Kumar (Reg No. 4150088) Add:- House No. 19, Road No.08, East Patel Nagar, Dist- Patna Bihar Pincode 800023 को सूचनार्थ प्रेषित।

18.03.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–121 / 2025 3543 / पटना, दिनांक– 19.3.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.3.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–121 / 2025 3543 / पटना, दिनांक– 19.3.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

18.03.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–121 / 2025 3543 / पटना, दिनांक– 19.3.26

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.03.26

अभियंता प्रमुख